संभालकर रखिए पेट्स को, भीषण गर्मी में इनका मूड भी अक्सर हो जाता है फुल स्विंग

iSPECIAL

प्रयागराज की तेज गर्मी का असर अब पेट्स के हेल्थ और बिहेवियर पर आ रहा नजर

वेटरनरी डॉक्टरों के अनुसार बाइटिंग केस में 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (27 May): 46 डिग्री तापमान ने इंसानों के साथ जानवरों को भी परेशान करना शुरू कर दिया है. ये इस गर्मी में केवल जुंझला नहीं रहे बल्कि फैमिली मेंबर्स को भी अपना शिकार बना रहे हैं. एक्सपर्ट की माने तो समय रहते अगर डाग्स और कैट्स की देखभाल नहीं की गई तो यह इस सीजन में खतरनाक रुख अख्तियार कर सकते हैं. वेटरनरी डॉक्टरों के मुताबिक गर्मी के कारण पेट्स में इरिटेशन, चिड़चिड़ापन और एग्रेसिव बिहेवियर के मामले बढ़ रहे हैं. इसी वजह से बाइटिंग केस में करीब 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखी जा रही है. यहीं डायरिया और कमजोरी जैसे हेल्थ इश्यू भी तेजी से सामने आ रहे हैं.

PICS: AI GENERATED

डॉक्टरों के अनुसार पेट पैरेंट्स कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए

- हमेशा साफ और ठंडा पानी उपलब्ध रखें
- टोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाहर वॉक कराने से बचें
- सुबह या शाम के समय वॉक कराएं
- ताजा और हल्का फूड दें, लंबे समय तक बाहर रखा खाना न खिलाएं
- पेट्स को बंद कमरे या पार्क की हुई कार में अकेला न छोड़ें
- जरूरत से ज्यादा बर्फ या बहुत ठंडी चीजें न दें
- लगातार हांफना, सुस्ती, खाना छोड़ना या ज्यादा चिड़चिड़ापन दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें
- पेट्स के आराम के लिए ठंडी और हवादार जगह की व्यवस्था रखें

पानी की बाउल से लेकर वॉक टाइम तक बदलना जरूरी

डॉक्टरों के अनुसार गर्मी के दौरान पेट्स के लिए सबसे जरूरी चीज हाइड्रेशन है. घर में हमेशा साफ पानी उपलब्ध रहना चाहिए. टोपहर की तेज धूप में उन्हें बाहर ले जाने से बचना चाहिए. सुबह जल्दी या शाम के समय वॉक कराना बेहतर माना जा रहा है. खाने में ताजा और हल्का फूड देना भी जरूरी है. अगर पेट लगातार हांफ रहा हो, बहुत सुस्त दिख रहा हो या अचानक उसका बिहेवियर बदल रहा हो तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए.

- रोजाना 5 से 6 बाइटिंग और 4 से 6 डायरिया के केस क्लीनिक तक पहुंच रहे
- डॉक्टरों ने पेट पैरेंट्स को हाइड्रेशन, फूड और धूप को लेकर अतिरिक्त केयर की सलाह दी

सबसे बड़ी गलती जो पेट पैरेंट्स कर रहे हैं

1. गर्मी में कई लोग अपने पेट्स को ठंडक देने के लिए अचानक बहुत ठंडी चीजें देना शुरू कर देते हैं.
2. कुछ लोग जरूरत से ज्यादा उंडा पानी, बर्फ या अलग तरह का खाना देने लगते हैं.
3. डॉक्टरों का कहना है कि इससे फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है.
4. कई लोग पेट्स को लंबे समय तक कार या बंद कमरे में छोड़ देते हैं, जो खतरनाक साबित हो सकता है.
5. इस मौसम में पेट्स को सीधे धूप में ज्यादा देर रखना भी सही नहीं माना जा रहा.
6. छोटी लापरवाही कई बार बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम में बदल सकती है.

घर के अंदर भी गर्मी का इफेक्ट

गर्मी बढ़ने के साथ सिर्फ बाहर घूमने वाले जानवर ही नहीं बल्कि घर के अंदर रहने वाले पेट्स भी परेशान हो रहे हैं. कई पेट्स जरूरत से ज्यादा हांफते, सुस्त रहते और बार-बार जगह बदलते दिखाई दे रहे हैं. डॉक्टरों का कहना है कि कई लोग सोचते हैं कि घर के अंदर रहने वाले पेट्स सुरक्षित रहते हैं, लेकिन बंद कमरा, कम वेंटिलेशन और ज्यादा गर्म माहौल भी उनकी परेशानी बढ़ा सकता है. कई बार पेट्स लगातार फ्लोर पर लेटे रहते हैं या ठंडी जगह खोजते दिखाई देते हैं. ऐसे बदलाव उनके शरीर पर बढ़ते तापमान का संकेत हो सकते हैं. इन्हें सामान्य आदत मानकर नजरअंदाज करना आगे परेशानी बढ़ा सकता है.

क्लीनिक में बढ़ रही पेट्स की जुड़ी परेशानियां

बढ़ती गर्मी का असर पेट्स के डाइजेस्टिव सिस्टम पर भी पड़ रहा है. डॉक्टरों के अनुसार इस समय रोजाना 4 से 5 डायरिया के केस आ रहे हैं. कई बार बाहर रखा हुआ खाना जल्दी खराब हो जाता है और लोग अनजाने में वही खाना अपने पेट्स को दे देते हैं. इसके अलावा कम पानी पीना और ज्यादा गर्म माहौल में रहना भी परेशानी बढ़ा सकता है. कुछ पेट्स खाना कम कर देते हैं, जिससे कमजोरी की समस्या भी बढ़ जाती है. डॉक्टरों का कहना है कि पेट्स के खाने को लेकर इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी रखने की जरूरत होती है.

अब प्यार करते समय भी रखनी होगी थोड़ी सावधानी

डॉक्टरों के मुताबिक इस समय सबसे ज्यादा बदलाव पेट्स के बिहेवियर में देखने को मिल रहा है. सामान्य दिनों में शांत रहने वाले कई डॉग्स और दूसरे पालतू जानवर भी ज्यादा रिएक्ट करने लगे हैं. क्लीनिक में रोजाना करीब 5 से 6 बाइटिंग केस पहुंच रहे हैं. इनमें कई ऐसे मामले भी शामिल हैं जहां पालतू जानवरों ने अपने ही मालिक या घर के सदस्यों को काट लिया. गर्मी के दौरान शरीर में बढ़ने वाली बेचैनी और असहजता की वजह से उनका मूड जल्दी बदल सकता है. अगर कोई जानवर आराम कर रहा हो और उसे बार-बार परेशान किया जाए तो उसकी प्रतिक्रिया आहत हो सकती है.

गर्मी के मौसम में पालतू जानवरों के व्यवहार में बदलाव दिखना सामान्य बात है, लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. कई पेट्स इस समय ज्यादा चिड़चिड़े और बेचैन हो जाते हैं, इसलिए उनके खानपान, पानी और आराम का विशेष ध्यान रखना जरूरी है.

डॉ. प्रेम कुमार सिंह वेटरनरी डॉक्टर

गर्मी बढ़ने के साथ पालतू जानवरों में डायरिया, कमजोरी और बाइटिंग जैसे मामलों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. पेट पैरेंट्स को इस समय धूप, डाइट और नियमित हेल्थ चेकअप को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए.

डॉ. विजय अमृत राज पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी

उनके इशारों को जरूर समझें

पालतू जानवर अपनी परेशानी खुद बताने में सक्षम नहीं होते. वे अपने व्यवहार और आदतों के जरिए ही संकेत देते हैं. अगर वे अचानक चिड़चिड़ा हो जाए, खाना छोड़ दे, ज्यादा गुस्सा करने लगे या पहले से अलग व्यवहार करने लगे तो इसे सिर्फ मूड स्विंग समझकर छोड़ना ठीक नहीं होगा. प्रयागराज की बढ़ती गर्मी के बीच अब पेट्स को भी अतिरिक्त केयर और ध्यान की जरूरत पड़ रही है. इस मौसम में थोड़ी सावधानी उन्हें कई परेशानियों से बचा सकती है.

PRAYAGRAJ CALLING!

क्या आपके घर में पाला गया पेट भी इस गर्मी में कर रहा है अजीब हरकतें?

हमें फोटोसएप करें 8933868462

CITY BRIEFS

गंगा तेरा पानी अमृत...

PRAYAGRAJ: एरमार्ट निकेतन घाट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें भजनों का दौर चला. भक्तिमय गीतों से आसपास का इलाका गूंज उठा. मुंबई से आए प्रयाग गीरत रत्न से सम्मानित भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे और उनके साथी-साथी ग्रुप ने आयोजन में रंग भर दिया. उसे भक्तिमय बना दिया. ...गंगा तेरा पानी अमृत, ...देवी सुरेश्वरी भगवत गंगे त्रिभुवन तारिणी तरल तरंगे, ...को कहीं सेखनी प्रयाग प्रभाक कलुष पुंज पंजर मूंग राहु, ...राम तेजी गंगा मैली हो गई, ...मेरा आप की कृपा से सब काम हो रहा है, जैसे भजनों पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं.

प्रथम प्रधानमंत्री को किया भावपूर्ण नमन

प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण नमन किया गया. आनंद भवन में सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुई. हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और जैन धर्म के प्रतिनिधियों ने. धनन्याय द्विवेदी, अमानुद्दीन अंसारी, प्रो. हरविंदर सिंह, कंवर लिपी सिसोदीया तथा प्रो. एमके जैन ने धर्म ग्रंथों का पाठ किया. जवाहर बाल भवन के बच्चों ने भावपूर्ण भजन की प्रस्तुति के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की. संगीतमय प्रस्तुतियों का प्रशिक्षण बच्चों ने बाल भवन में आयोजित विशेष कार्यशाला में मल्लिका चटर्जी के मार्गदर्शन में प्राप्त किया. जवाहर बाल भवन की प्रभारी स्मिता ने भी प्रथम प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी.

जनकल्याण के लिए सुंदरकांड का आयोजन

भारत विकास परिषद् मालम् ने लखेड़ा अधिमास की एकादशी मीनापुर स्थित हरि

मंदिर में मनाई. जनकल्याण के निमित्त सुंदरकांड का संगीतमय पाठ कराया गया. श्रद्धालुओं से मंदिर प्रांगण भरा रहा. सेवा प्रकल्प के संयोजक रवि कुमार, मनिका जवपुरिया ने सुंदरकांड पाठ के आयोजन में विशेष भूमिका निभाई. भगवान की आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया. संरक्षक नागेंद्र सिंह ने बताया कि संस्कारों और संस्कृति की रक्षा के लिए धार्मिक कार्यक्रम भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित किए जाते हैं. अध्यक्ष दीपी गुप्ता, सुनीत श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, आरती शर्मा, शिवनन्दन गुप्ता, केशूल पुसवार, आमन राय आदि शामिल रहे.

कैडेट्स ने किया फायरिंग अभ्यास

एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के तहत छह गर्ल्स वाहिनी एनसीसी का शिविर गुरुकुल मंटेसरी स्कूल में लगा है. इसमें कैडेट्स थल सैनिकों से संबंधित अभ्यास कर रहे हैं. इसके अलावा बास्केटबाल, वाद विवाद, समूह परिचर्चा, पोस्टर बनाने का भी अभ्यास कराया गया. जुलाई, अगस्त में एनसीसी निदेशालय लखनऊ की तरफ से थल सैनिक इंटर ग्रुप प्रतियोगिता बरेली में होगी.

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65910KL1992PLC006623, Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.o. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विलेपार पिलिकेशनों और सामान्य सार में जनता को साधारण सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित जमानतदारों से सार पर घोले के अनुसार की सर्वसंबंधित गीरवी निम्नलिखित खातों का विक्रय 16.06.2026 को समय 10.00 बजे से विक्रय प्रकाशन द्वारा ऐसे विभिन्नित खातों के घोले के अनुसार की गीरवी बनने का तो वे निम्नलिखित एनेक्सर का कुल राशि किए जाने के बावजूद अपने लोन की समय नहीं चुकाई है, जिन आवश्यक की गीरवी नहीं हो सकती, अन्यथा गीरवी किसी अन्य ऐसे बिना पूर्व सूचना दिए की जाएगी, गीरवी के समान के विक्रि (अपर कोई हो) में परिवर्तन की कोई सूचना गीरवी लेनदार या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.
विवरणों की सूची :
इलाहाबाद, मिलिक लाईन इलाहाबाद, 0125650700017874, 7907, 8143, 8306, 8311, 8400, 8463, 8469, 8639, 9341, 0125660730021856, 2025, एफ. जी केस इलाहाबाद, 0131590700026467, 6510, 8097, 0131590730023675, 5663, 5727, 6094, 6102, 9647, पीपुल इलाहाबाद, 0129450700022132, 2900, 0129450730017827, 7869, 7991, 9040, यू.बी.एम इलाहाबाद, 0137050700005038, 5607, 5724, 6318, 6339, 0137060730021624, 2907, 3061, 3343, 3654, सुलेम गंज इलाहाबाद, 0129390700018180, 8619, 9016, 0129390730017075, 7079, 8660, 9759, 0063, आजमगढ़, आजमगढ़ नगर, 0137850700005996, 0137850730019997, प्रतापगढ़ प्रतापगढ़ ब.प., 0135770700012053, 2060, 0135770730016287, 6379, 6824,
घोषणा बाकाई नई गीरवी में विक्रय होने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वाले को गीरवी के लिए ही इच्छुक्ता/बोली/अभिरुचि के जीरो 10,000/- रुपये हिम्मती (जो बोली लगाने वाले को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वाले के पास वैध आईडी कार्ड/वैध कार्ड होना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।
अधिकृत अधिकारी
मनप्पुरम फाइनेंस लि. हेतु

रक्तदान महादान पुस्तक डीएम को किया भेंट

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (27 May): जनु ट्रॉस ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव मिश्रा ने जिलाधिकारी मनीष वर्मा को रक्तदान में जिंदगी पुस्तक भेंट की. जिलाधिकारी ने युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए पुस्तक को NIC प्रयागराज की वेबसाइट पर अपडेट कराया. डॉ. राजीव अब तक देश के 25 राज्यों में 115 बार रक्तदान कर चुके हैं. उन्होंने नेपाल और श्रीलंका में भी लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया. जिलाधिकारी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया. रक्तदान के क्षेत्र में डॉ. राजीव को कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं.

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

कुर्सी नही मिलने से नाराज हुए पार्षद

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (27 May): तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम में बैठने के लिए कुर्सी न मिलने पर पार्षदों में नाराजगी व्याप्त है. इसके लिए नगर आयुक्त को जिम्मेदार ठहराया है. पार्षदों का आरोप है कि नगर आयुक्त ने जानबूझकर उनकी उपेक्षा की. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में पार्षदों को बैठने के लिए कुर्सी उपलब्ध नहीं कराई गई. इसके विरोध में पार्षदों ने सदन की बैठक बुलाने की मांग की है.

डॉ. एके वर्मा बने मेडिकल कॉलेज के नए प्रिंसिपल

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (27 May): मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. वीके पांडेय की जगह चिकित्सा शिक्षा निदेशालय की ओर से हड्डी रोग विभाग के सर्जन प्रो. अजय कुमार वर्मा को नया प्रधानाचार्य बनाया गया है.

इसके साथ ही चौकी इंचार्ज एसआरएन आनंद यादव को हटाकर शिवकुटी थाने भेजा गया है. जबकि दारोगा आशुतोष सिंह को एसआरएन चौकी की जिम्मेदारी दी गई है. इससे पहले अधिवक्ताओं से मारपीट के आरोप में ट्रामा सेंटर के 20 डाक्टरों को निलंबित किया गया था.

तीन स्टेशनों को नए एफओबी की सौगात

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (27 May): प्रयागराज से गुजरने वाली दिल्ली-हावड़ा रेल रूटल पर यात्रियों को बड़ी राहत मिलने वाली है. मनौरी, भरवारी और अछल्दा (अरैया के पास) रेलवे स्टेशनों पर जल्द ही नए और चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनने जा रहे हैं, जिससे यात्रियों का प्लेटफार्म बदलना आसान और सुरक्षित हो जाएगा.

हटाया जाएगा पुराना ब्रिज

सबसे खास बात तो है कि मनौरी और भरवारी में पुराने संकरे ब्रिज को पूरी तरह हटाकर उसकी जगह नया ब्रिज बनाया जाएगा. मनौरी में नया ब्रिज 3.06 मीटर चौड़ा होगा, जबकि भरवारी और चुनार में वे 6.10 मीटर चौड़ा ब्रिज यात्रियों को आराम से आने-जाने की जगह देगा. भरवारी में एफओबी के साथ रैंप भी बनेगा.

टेंडर किया गया जारी

रेलवे ने इन कामों को बहुत सोच-समझकर प्लान किया है. पहले बिजली से संबंधित सारे तार-पोस्ट हटाए जाएंगे, ताकि ट्रेनों की आवाजाही पर कोई असर न पड़े. इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है. भीड़ के दिनों में, खासकर कुंभ मेले या त्योहारों में इन स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है.

प्रयागराज मंडल में लगातार यात्री सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं. उसी क्रम में यात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए नए एफओबी मनौरी, भरवारी व अछल्दा में बनाए जाएंगे.

अमित कुमार सिंह
पीआरओ, प्रयागराज मंडल एनसीआर

Jagran
Dainik Jagran inext
TRIPLE धमाका ऑफर
SUPER-15 ड्रा 3
सुपर15 के विजेताओं को बधाई!!

ब्लूटूथ ईयरबड्स के विजेता

प्रेम सिंह, मवाना	मेरठ देहात	उत्तर प्रदेश	XXXXXX7291
विशाल कुमार सुमन, बड़हिया	लखीसराय	बिहार	XXXXXX0321
अनुपा मिंज, जेल क्वार्टर	सिमडेगा	झारखंड	XXXXXX1988
डॉ. उमेश कुमार साहू, लखनपुर	सुरजपुर	छत्तीसगढ़	XXXXXX8207
सफदर अली, कोटला रोड	यमुना नगर	हरियाणा	XXXXXX0876
मनीषा सोनी, अजयपुर	ग्वालियर	मध्य प्रदेश	XXXXXX6063
अंजली शर्मा, दयाल बाग	आगरा	उत्तर प्रदेश	XXXXXX1128
आलोक गंगवार, मोहम्मदपुर	बरेली	उत्तर प्रदेश	XXXXXX5555
वीरेंद्र प्रसाद सिंह, हिल व्यू कॉलोनी	जमशेदपुर	झारखंड	XXXXXX0158
नीरज रौतेला, इन्फ्रेक्ट कॉलोनी क्वार्टर	ऊधम सिंह नगर	उत्तराखंड	XXXXXX2335
डॉ.समाजीत बौधे, समदी बाजार	आजमगढ़	उत्तर प्रदेश	XXXXXX5103
विशाल बोकरीया, वेंकटेश नगर	इंदौर	मध्य प्रदेश	XXXXXX0186
सचालाल, गद्दी संपला	झज्जर	हरियाणा	XXXXXX6551
मोनिका चोपड़ा, उत्तम नगर	प.दिल्ली	दिल्ली	XXXXXX7355
जीशान अहमद, गोरखनाथ	गोरखपुर	उत्तर प्रदेश	XXXXXX2187
रीता देवी, सेक्टर 2-ए	बोकारो	झारखंड	XXXXXX1215
कविता शर्मा, धमपुर	जसवंतपुर	उत्तर प्रदेश	XXXXXX2260
नीतू डंगवाल, सालयाला	देहरादून	उत्तराखंड	XXXXXX8184
प्रदीप कुमार चौहान, मोहल्ला पुरब टोला	बलरामपुर	उत्तर प्रदेश	XXXXXX6571
स्मृति दीवान, ग्रीन फर्क कॉलोनी	भोपाल	मध्य प्रदेश	XXXXXX0329

आयरन के विजेता

विराज मेहता, नौशेरा,	राजौरी	जम्मू	XXXXXX8041
पुष्पा त्रिपाठी, सोहबतिया बाग	प्रयागराज	उत्तर प्रदेश	XXXXXX2371
लक्ष्य राज, नीलकंठ नगर	भागलपुर	बिहार	XXXXXX0197
मो. अफसर आलम, बगला रोड	लोहरदगा	झारखंड	XXXXXX1815
नवीन कुमार गुप्ता, बाजपुर	उधम सिंह नगर	उत्तराखंड	XXXXXX8138
गोपाल सिंह, शास्त्री नगर	बुलंदशहर	उत्तर प्रदेश	XXXXXX3260
ए.पी.सिंह, सितीह विशनपुर	मुजफ्फरपुर	बिहार	XXXXXX2721
सुशीला, लोहारू	भिवानी	हरियाणा	XXXXXX6581
मोनिका, दीनारपुर, नजफगढ़	प. दिल्ली	दिल्ली	XXXXXX1647
मुकदेश्वर कुमार, मोहल्ला कुकरैलगंज	लखनऊ	उत्तर प्रदेश	XXXXXX2132
सोनू कुमार शर्मा, नाथा बाजार	गोरखपुर	उत्तर प्रदेश	XXXXXX4072
पूर्णिमा देशमुख, भगवानदास अर्बुन्दा	बलोद	छत्तीसगढ़	XXXXXX9073
ललिता कुमारी, एकता नगर	जालंधर	पंजाब	XXXXXX3010
विजय कुमार, स्टील सिटी	बोकारो	झारखंड	XXXXXX6811
दयाशी सिंह, दामोदर नगर	कानपुर	उत्तर प्रदेश	XXXXXX6871
सचिन कुमार, डिस कॉलोनी	अलीगढ़	उत्तर प्रदेश	XXXXXX2204
सतेंद्र पाल सिंह, सिलप्पवल पुरी	यमुना नगर	हरियाणा	XXXXXX5280
रौतेंद्र कुमार सिंह, पारसहेरा	बरेली	उत्तर प्रदेश	XXXXXX5737
अंबुज जैन, कटराबाजी राय	मिर्जापुर	उत्तर प्रदेश	XXXXXX7010
ओम प्रकाश, बुडलाडा	मानसा	पंजाब	XXXXXX3812
नेया अवनीश, अनीसाबाद	पटना	बिहार	XXXXXX0730
पृथ्वी काल बरगे, शास्त्री वार्ड	बैतूल	मध्य प्रदेश	XXXXXX6769
अख्तर हुसैन, ऊपरी खेड़ा गांव	बिलासपुर	हिमाचल प्रदेश	XXXXXX5958
संदीप राठौर, जगदीशपुरा	आगरा	उत्तर प्रदेश	XXXXXX8477
आदित्य गर्ग, रागापुर	झाबुआ	मध्य प्रदेश	XXXXXX9380

*विजेताओं में विलंब नए उपहार, उपयोगिक उपहारों से बिना हो सकता है। नियम व शर्तें लागू.
अन्य पुरस्कारों के विजेताओं की सूची के लिए पढ़ते रहिए- दैनिक जागरण

Dainik Jagran inext FRIDAY FASHION
Style Jo Notice Ho.
HAR FRIDAY
FRIDAY
FRIDAY
FRIDAY
Friday Fashion पर अपनी collection showcase करें
9450975102
(11am–6pm)
Friday Fashion के साथ अपने fashion, jewellery और lifestyle brand को दें एक premium platform जहां shoppers explore करते हैं latest trends & collections
Dainik Jagran inext